लखनऊ के रोड शो में हुए 76 हजार करोड़ रुपये के एमओयू

जीआइएस-2023: 79 उद्योगपतियों ने किए हस्ताक्षर

- निवेशकों ने यूपी की औद्योगिक नीति और कानून व्यवस्था को सराहा
- रोड शो में कनाडा के मिनिस्टर आफ मेंटल हेल्थ मिशेल भी थे मौजूद

राज्य ब्यूरो, लखनऊः ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को उत्तर प्रदेश का मेगा शो बनाने में जुटी प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर निवेशकों का साथ मिल रहा है। विदेश में हुए रोड शो की सफलता के बाद राज्य के भीतर और बाहर हो रहे उद्यमियों के सम्मेलन में हर दिन नई लकीर खींची जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को लखनऊ के होटल द सेंट्रम में आयोजित रोड शो में 79 नए निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनीं और निवेशकों के साथ 76,867 करोड़ रुपये के निवेश करार की औपचारिकता पूरी की गई। औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी, राज्यमंत्री जसवंत सैनी की उपस्थिति में कुछ कंपनियों के साथ एमओयू एक्सचेंज भी हुआ। कनाडा के मिनिस्टर आफ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन माइकल टिबोलो ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

रोड शो में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्यमियों से योगी सरकार के कार्यकाल में पिछले पांच वर्षों में आए बदलाव की चर्चा की। कनाडा के मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन के मंत्री माइकल टिबोलो ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। कहा, बाजार को विकसित करने के लिए टैक्स में कमी और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सकारात्मक प्रयास हैं। उद्यमियों ने यूपी की औद्योगिक नीति और निवेश अनुकूल माहौल की तारीफ की। प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर भरोसा जताते हुए आगे भी निवेश जारी रखने की बात कही। वरुण बेवरेज के कार्यकारी निदेशक कमलेश जैन ने कहा कि यूपी में हमारे सात प्लांट हैं, जो माहौल यूपी में मिल रहा है ऐसा पूरे विश्व में नहीं है। हल्दीराम ग्रुप के प्रबंधक वाणिज्य संजय सिंघानिया ने कहा कि यहां आकर हमने गुड गवर्नेंस, गुड पालिसी और गुड ला एंड आर्डर देखा। क्रिस्टल क्राप प्रोटेक्शन लिमिटेड के अध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल ने कहा कि यूपी में पहली बार ऐसी सरकार आई है जो आगे बढ़ाकर निवेशकों को बुला रही है। केंट आरओ सिस्टम के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश की नीतियों में हमने काफी बदलाव देखा है। यही वजह है कि अब निवेशक यूपी का रुख कर रहे हैं। औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार व औद्योगिक विकास सचिव अभिषेक प्रसाद ने प्रदेश सरकार के विजन को निवेशकों से साझा किया। संबंधित खबर » 6

बुधवार को सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेंट्रम होटल में इन्वेस्टर्स समिट रोड शो का शुभारंभ करते औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता साथ में (बाएं से) औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिह सैनी, हल्दीराम ग्रुप के प्रबंधक वाणिज्य संजय सिंघानिया और अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार • जागरण

रोड शो के छह बड़े निवेश

निवेशक	निवेश (रु. में)
सिटी गोल्ड कारपोरेशन	26,000 करोड़
नेक्सन एनर्जिया	15,000 करोड़
वरुण बेवरेज	3,400 करोड़
हल्दीराम	1,310 करोड़
धर्मपाल सत्यपाल	900 करोड़
केंट आरओ सिस्टम	500 करोड़

मुख्यमंत्री से मिले उद्यमी

उद्यमियों ने रोड शो के बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। सीएम योगी ने निवेशकों का स्वागत किया और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मंत्री नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर गुजरते दिन के साथ हो रहे परिवर्तन ने उद्योग जगत में भरोसा एवं विश्वास पैदा किया है।